-

**जल जीवन मिशन "हर घर नल से जल" योजना कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 01.07.2026 को जिलाधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में जनपद-बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन- "हर घर नल जल योजना" कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 01.07.2026 में जिला पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जनपद-बलिया में ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं अनुश्रवण हेतु नामित सम्बन्धित एजेन्सियों के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गयी। जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलपूर्ति विभाग, बलिया।
2. जिला विकास अधिकारी, बलिया।
3. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम , द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ बलिया।
4. अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल. खण्ड, गाजीपुर।
5. सहायक अभियन्ता, सिचाई प्रथम, बलिया।
6. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
7. बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलिया।
8. जिला सूचना एवं सम्पर्क अधिकारी, बलिया।
9. सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
10. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रवन्धन इकाई, बलिया।
11. टीम लीडर मेसर्स मेधज प्रा.लि. (टी०पी०आई०)।
12. समस्त संस्था प्रमुख इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी ।
13. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स EL-SIPL(IV), बलिया।
14. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स L& T बलिया।
15. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स GAJA-GAINFRA(IV), बलिया।

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बलिया में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 03 नग सतही स्रोत आधारित पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है। योजनाओं में मुख्य कार्यों में 03 नग इन्टेकवेल (118 एम०एल०डी० 186 एम०एल०डी० 145 एम०एल०डी०), 03 नग डब्लू०टी०पी० (93 एम०एल०डी० 148 एम०एल०डी० 115 एम०एल०डी०), 09 नग सी0डब्ल्यू0आर0 312 नग अवर जलाशय 2027 किमी० राइजिंग डी०आई० वितरण प्रणाली, 11793 किमी० एच०डी०पी० वितरण प्रणाली एवं अन्य कार्य प्रस्तावित है।

फर्म द्वारा कार्यों की प्रगति शासन के पोर्टल jjm.up.gov.in पर साप्ताहिक अपडेट की जाती हैं। फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति स्थिति निम्नवत हैं-

**1. बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति;-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, बेलहरी ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं० 06/ED/Phase-04/2023-24 दिनाक 15.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स EIIL SIPL(IV) द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी०, सी०डब्ल्यू०आर०, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है-

**इण्टेक वेल**-

- योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 77 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिंकिंग एवं एप्रोच ब्रिज का कार्य पूर्ण है शेष कार्य प्रगति पर है।

**डब्ल्यू०टी०पी०-**

- योजना के डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 96 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के आंशिक कार्य प्रगति पर है। साइट डवलेप्मेंट का कार्य प्रगति पर है।
- फर्म द्वारा डब्ल्यू०टी०पी० टेस्टिंग का कार्य पूर्ण है।

**सी०डब्ल्यू०आर०-**

- योजना के 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के शेष कार्य प्रगति पर है।

**अवर जलाशय-**

- योजना अन्तर्गत 51 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सदर , बैरिया एवं बांसडीह के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।
- योजना अन्तर्गत 38 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 04 नग अवर जलाशय की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत एवं 09 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है।

**वितरण प्रणाली:-**

- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 521 किमी0 में से 518 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली, 2535 किमी0 में से 2446 कि०मी० का कार्य

पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।

- योजना अंतर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 948 कि०मी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 891 कि०मी० स्थायी/अस्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

**2.हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति :-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं0 01/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 14.07.2023 अन्तर्गत्त फर्म मेसर्स L&T द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू०टी०पी०, सी०डब्ल्यू०आर०, अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत हैः-

**इण्टेक वेलः-**

- योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 63 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिकिंग का कार्य पूर्ण है एवं एप्रोच ब्रिज का कार्य गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बाधित है।
- ग्राम हैबतपुर में गाटा सं0 736/607 की एप्रोच की शेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही अगामी सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी।

**डब्ल्यू०टी०पी०-**

- योजना के डब्ल्यू०टी०पी० के निर्माण का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है।
- योजनान्तर्गत निर्माणाधीन डब्ल्यू०टी०पी० में प्रस्तावित फिल्टरवेड, पम्प हाउस एवं सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण हेतु ग्राम कटरिया में गाटा सं० 314 एवं 315 की भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही अगामी सप्ताह में पूर्ण कर ली जाएगी।

**सी०डब्ल्यू०आर०-**

- योजना में 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० का निर्माण कार्य तहसील रसडा के ग्राम हिंगुवाडीह , तहसील सदर के ग्राम करनई, ग्राम सुखपुरा एंव ग्राम शेर में कराया जा रहा है।
- योजना के 04 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के कार्य प्रगति पर है एवं 01 नग सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण है।

**अवर जलाशयः-**

- योजना अन्तर्गत 151 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील बांसडीह , सदर एवं

रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।

- योजना अन्तर्गत 29 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 06 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 43 नग अवर जलाशय की प्रगति 25 से 50 प्रतिशत , 37 नग अवर जलाशय की प्रगति 50 से 75 प्रतिशत, एवं 35 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा 01 नग अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ कराया जाना शेष है।

**वितरण प्रणाली-**

- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 748 किमी से 446 किमी का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली 4781 किमी में से 2695 किमी का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 885 किमी॰ विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आन्तिरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 825 किमी स्थागी/अस्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

**3. मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना के निर्माण की कार्यवाही प्रगति:-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ॰प्र॰ जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि, मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य अनुबन्ध सं॰ 11/ED/Phase-04/2023-24 दिनांक 19.07.2023 अन्तर्गत फर्म मेसर्स GAJA-GAINFRA (IV), द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें मुख्यत: प्रस्तावित कार्यों इण्टेक वेल, डब्ल्यू॰टी॰पी॰ सी॰ डब्ल्यू॰आर॰ अवर जलाशय एवं वितरण प्रणाली आदि की प्रगति स्थिति निम्नवत है-

**इंटेक वेल-**

- योजना के इन्टेक वेल के निर्माण का कार्य 78 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें इन्टेक वेल के पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है।

**डब्ल्यू॰टी॰पी॰-**

- योजना की डब्ल्यू॰टी॰पी॰ के निर्माण का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण है। शेष कार्य प्रगति पर है।

-

-

**सी॰डब्ल्यू॰आर॰-**

- योजना में 03 नग सी॰डब्ल्यू॰आर॰ का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर के ग्राम जमालपुर, ग्राम गौरा मदनपुरा एवं तहसील रसडा के ग्राम गौरीतार में कराया जाना

प्रस्तावित है।

- योजना के 03 नग सीडब्ल्यू०आर० के निर्माण में 02 नग सी०डब्ल्यू०आर० का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है। जिसमें सिविल कार्य पूर्ण है एवं मैकेनिकल के कार्य प्रगति पर है। 01 नग सी०डब्ल्यू०आर० का कार्य 51 से 75 प्रतिशत है।

**अवर जलाशयः-**

- योजना अन्तर्गत 110 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य तहसील सिकन्दरपुर बांसडीह , बेल्थरा रोड एवं रसडा के विभिन्न ग्रामों में कराया जा रहा है।
- योजना अन्तर्गत 26 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है। शेष 10 नग अवर जलाशय की प्रगति 0 से 25 प्रतिशत, 32 नग अवर जलाशय की प्रगति 25 से 50 प्रतिशत, 26 नग अवर जलाशय की प्रगति 50 से 75 प्रतिशत एवं 16 नग अवर जलाशय की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है। शेष कार्य प्रगति पर है।

**वितरण प्रणाली-**

- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित राइजिंग मेन 758 किमी० में से 528 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत प्रस्तावित वितरण प्रणाली 4477 किमी० में से 3284 कि०मी० का कार्य पूर्ण है। शेष प्रगति पर है।
- योजना अन्तर्गत बिछायी गयी वितरण प्रणाली से 753 कि०मी० विभिन्न मुख्य एवं ग्राम के आंतरिक मार्ग क्षतिग्रस्त हुये है जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा 701 कि०मी० स्थायी/अस्थायी मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाना सूचित किया गया है। जिसके ग्रामवार सत्यापन की कार्यवाही करायी जा रही है।

**4.सतही स्रोत योजनाओं में एवं पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं विद्युत विभाग के कार्यों की स्थिति:-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियंता उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सतही स्रोत आधारित 03 नग निर्माणाधीन योजनाओं में 15 नग विद्युत संयोजन की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को माह मई 2024 में प्रेषित किये जाने के उपरान्त 05 नग योजनाओं पर विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण , 08 नग योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है एवं 02 नग योजनाओं पर विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। उक्त के अतिरिक्त लगभग 7 स्थलों पर लाइन शिफ्टिंग के सापेक्ष 6 स्थलों पर शिफ्टिंग की धनराशि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड को पूर्व मे प्रेषित किये जाने के उपरान्त 02 नग लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण है 02 लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है एवं 02 नग लाइन शिफ्टिंग का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा 01 नग लाइन शिफ्टिंग का आगणन अप्राप्त है।

**5.योजनाओं अन्तर्गत कराये जा रहे वितरण प्रणाली के कार्यों में क्षतिग्रस्त रोड एवं मरम्मत की स्थिति:-**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कार्यदायी फर्मो द्वारा आवंटित ग्रामों में विभिन्न साइजों की वितरण प्रणाली का कार्य कराया जा रहा है। जो कार्यस्थल की आवश्यकता के अनुसार पक्की सड़क (सी०सी०/खड़जा/बिटुमिन/टाइल्स) अथवा कच्ची पटरी पर बिछायी जा रही है। उक्त के पुनर्स्थापन का कार्य सम्बंधित कार्ययदायी फर्म द्वारा स्वयं कराया जा रहा है। फर्म द्वारा लो०नि० विभाग की विभिन्न सड़को पर चौड़ीकरण/विस्तारीकरण के कारण उक्त मार्गों पर पाइप लाइन नही डालने दिया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग, नगरा बेल्थरा मार्ग, सहतवार-छाता मार्ग, करम्मर-सुखपुरा आदि मार्ग सम्मलित है।

<u>निष्कर्ष एवं निर्देश-</u>

बैंठक में तीनों योजनाओं की अद्यतन प्रगति के सापेक्ष तीनों एजेन्सियों के परियोजना प्रबन्धक एवं अन्य योजनाओं पर आ रहे अवरोधों से सम्बन्धित अधिकारियों को निम्नानुसार निर्देशित किया गयाः-

1.हनुमानगंज पेयजल योजना के संबंध मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराये जाने के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, पी0डब्ल्यू0डी0 एवं उनके अधिनस्थ सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं सम्बन्धित खण्डों के अन्तर्गत विछाये जाने वाली पाइप लाइन के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी को पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

कार्यवाहीः- (अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय एवं निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बलिया)

2.अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश पेयजल योजना एच0टी0 लाइन शिफ्ट न किये जाने के कारण बाधित एवं अवरोधित है। जिसमें विद्युत विभाग द्वारा प्रेषित किये गये आगणन के सापेक्ष भुगतान जल निगम द्वारा विगत 18 माह पूर्व ही किया जा चुका है। एच0टी0 लाइन शिफ्टिंग के अधिकांश प्रकरण विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय से सम्बन्धित है।

उक्त प्रकरण में निर्देश दिये जाते हैं कि विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय अविलम्ब एच 0टी0 लाइन शिफ्ट कराया जाना सुनिश्चित करें।

कार्यवाहीः- (अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण),अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, बलिया)

3. अधिशासी अभियन्ता जल निगम के द्वारा अवगत कराये जाने के क्रम में हनुमानगंज ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग-31 एवं 128 बी पर प्रस्तावित रा-वाटर राइजिंग मेंन पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है कि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग बलिया, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना निदेशक, पी0आई0यू0,गाजीपुर के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुये रा-वाटर राइजिंग मेंन बिछाये जाने हेतु अपनी संयुक्त समाधानित रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कार्यवाहीः- (अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग बलिया, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), बलिया, परियोजना निदेशक, पी0आई0यू0,गाजीपुर)

बैठक के अन्त में जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा-आई०एस०ए०, टी०पी०आई०, डी०पी०एम०यू० एवं अन्य विभागों को उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

Digitally signed by MANGALA PRASAD SINGH
Date: 30-07-2026 09:57:34

(मंगला प्रसाद)
जिलाधिकारी,
बलिया।

**पृ०सं०**

**प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, किसान बाजार, गोमती नगर, लखनऊ।
2. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, बलिया।
3. परियोजना निदेशक, एन०एच०ए०आई०, आजमगढ़।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), बलिया।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, बलिया।
6.अधिशासी अभियन्ता, एन०एच०/प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया।
7. अधिशासी अभियन्ता सिचाई खण्ड-प्रथम, बलिया।
8. अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, बलिया।
9. अधिशासी अभियन्ता, यू०पी० प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड, बलिया।
10. टी०डी०एम०, भारत संचार निगम लिमिटेड, बलिया।
11. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया।
12. जनपदीय टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा०लि० लखनऊ।
13. जिला समन्वयक, प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट, बलिया।
14 परियोजना प्रबन्धक, समस्त कार्यदायी फर्म।

जिलाधिकारी,
बलिया।